मुख्यमंत्री जनकल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान, में **'जनकल्याण पर्व'** और **'मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'** का शुभारंभ किया। साथ ही गीता जयंती के कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की 1.28 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में **1,572 करोड़ रुपयों की राशि** का अंतरण एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 55 लाख से अधिक हितग्राहियों को **334 करोड़ रुपयों से अधिक राशि** का अंतरण किया गया। गीता जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से धन्य भूमि मध्यप्रदेश में गीता जयंती के पावन पर्व के अवसर पर "गीता पाठ का गिनीज विश्व रिकॉर्ड" बनाया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भोपाल और उज्जैन में 5 हजार से अधिक भगवद गीता भक्तों द्वारा गीता पाठ के लिए बनाए गए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाण पत्र प्राप्त किया . इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि–

उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर प्रबन्ध समिति द्वारा आज जूना महाकाल परिसर स्थित यज्ञ शाला में हवन, पूजन इत्यादि का आयोजन किया गया।

स्मार्ट भारत-हैकेथॉन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन 2024 के फाइनल में युवा नवाचारियों से बातचीत करेंगे। इसके पहले केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले का आज वर्चुअली उद्घाटन किया। देश के 51 केन्द्रों में आयोजित फाइनल में विद्यार्थियों की एक हजार तीन सौ से अधिक टीमें भाग ले रही हैं।

इस वर्ष 54 मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और उद्योगों द्वारा 250 से अधिक समस्या-विवरण सौंपे गये हैं। संस्थान स्तर पर 86 हजार टीमों ने हैकेथॉन में भागीदारी की और इन संस्थानों द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्द्धा के लिए लगभग 49 हजार विद्यार्थियों टीमों की अनुसंशा की गई।

पीएम गीता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गीता महोत्सव के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस पावन पर्व को भारतीय संस्कृति, आध्यात्म और परंपरा का मार्गदर्शन करने वाले ग्रंथ की जयंती के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने भगवान श्री कृष्ण को याद किया और उम्मीद जताई कि भगवद् गीता सभी को कर्मयोग का मार्ग दिखाएगी।

रेलवे

भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्रीय केंद्र मध्यक्षेत्र , भोपाल द्वारा फिट इंडिया वीक – 2024 का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक के कार्मिक विभाग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान साहसिक गतिविधियों, खेल आयोजनों, संपूर्ण आहार के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और कार्यस्थल पर योग एवं व्यायाम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कर्मचारियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेन्द्र बघेल ने अपने संबोधन में कहा, "Fit India Week जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है।"

संसद-स्थगन

संसद के दोनों सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच हंगामे के बाद राज्यसभा की कार्यवाही आज दिनभर के लिए

स्थगित कर दी गई वहीं लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

मौसम

प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिसंबर की सर्दी ने 2 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां कल रात का तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 4-5 दिन शीत लहर का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि पश्चिम-उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। साथ ही हिमालय में पहाड़ों में बर्फ गिरने से सर्दी बढ़ी है। आज भोपाल, इंदौर, जबलपुर-उज्जैन समेत प्रदेश के 16 जिलों में शीत लहर यानी सर्द हवाएं चलने का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और शाजापुर में कोल्ड डे रह सकता है।

समाचार संक्षेप

- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने निमाड़ के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सियाराम बाबा का का आज सुबह नर्मदा किनारे भटियान आश्रम में निधन हो गया है।

- विश्व मानवाधिकार दिवस पर आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में कल आयोजित हुए कार्यकम में मानव जीवन में आवश्कता पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन योजना) के तहत विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूह के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाई जाएगी।

- नर्मदापुरम में विश्व एड्स दिवस जागरूकता सप्ताह के समापन पर कल जिला प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय कार्यशाला और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

....